भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2677
बुधवार, 11 दिसम्बर, 2019/20 अग्रहायण, 1941 (शक)

रोजगार सूचकांक

2677. श्री कुमार केतकरः
प्रो॰ एम॰वी॰ राजीव गौडाः
श्री शमशेर सिंह दुलोः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बेरोजगारी की स्त्री-पुरुष-वार, जाति-वार, राज्य-वार और आयु-वार वर्तमान दर क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से अब तक वर्ष-वार बेरोजगारी की दर कितनी है;

(ग) सरकार ने किस तरीके से इन आंकड़ों का परिकलन किया है;

(घ) वर्ष 2016-17 के बाद श्रम ब्यूरो के परिवारों के सर्वेक्षण के कवरेज को बढ़ाने और गुणवत्ता को सुधारने के बजाय उसे समाप्त करने के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार 'रोजगार सूचकांक' आरंभ करने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणाम के अनुसार, देश में सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर लिंग-वार, जाति-वार और आयु-वार अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई है। राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-। में दिया गया है।

| बेरोजगारी दर (% में) | | | |
|---|---|---|---|
| श्रेणी | पुरूष | महिला | व्यक्ति |
| अनुसूचित जनजाति | **5.1** | **2.6** | **4.3** |
| अनुसूचित जाति | **6.8** | **4.9** | **6.3** |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | **6.1** | **5.7** | **5.0** |
| अन्य | **6.4** | **8.1** | **6.7** |
| सभी आयु | **6.2** | **5.7** | **6.1** |
| 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु | **6.1** | **5.6** | **6.0** |
| 15-29 वर्ष की आयु | **17.8** | **17.9** | **17.8** |
| 15-59 वर्ष की आयु | **6.6** | **6.0** | **6.5** |

(ख): पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणाम के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई है:

| सर्वेक्षण | बेरोजगारी दर |
|---|---|
| 2017-18 (पीएलएफएस) | 6.0% |
| 2015-16 (श्रम ब्यूरो) | 3.7% |
| 2013-14 (श्रम ब्यूरो) | 3.4% |

(टिप्पणी: पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

(ग): श्रम बल अनुमान प्राप्त करने के लिए अपनाई गई कार्य-पद्धति वार्षिक पीएलएफएस की रिपोर्ट (www.mospi.gov.in) में उपलब्ध है।

(घ): श्रम ब्यूरो ने वार्षिक रोजगार बेरोजगारी सर्वेक्षण करना बंद कर दिया है क्योंकि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने श्रम बल मापदण्डों पर वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आयोजित करना आरंभ किया है।

(ङ): श्रम बाजार में आ रहे परिवर्तनों का बार-बार आकलन करने की दृष्टि से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय वार्षिक नियमित रोजगार एवं बेरोजगारी सर्वेक्षण, नामतः आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) का कार्यान्वयन कर रहा है जिसका उद्देश्य राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और अखिल भारत स्तर पर शहरी क्षेत्रों के लिए श्रम बाजार के विभिन्न संकेतकों के तिमाही परिवर्तनों तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए भिन्न-भिन्न श्रम बल संकेतकों के वार्षिक अनुमान प्रदान करना है। मापदण्डों के वार्षिक अनुमानों में (i) श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर), (ii) उद्योग और व्यवसाय के अनुसार कामगारों का वितरण और (iii) कामगारों की औसत आय शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों के परिवर्तनों के तिमाही अनुमानों में एलएफपीआर, डब्ल्यूपीआर और यूआर शामिल हैं।

अनुबंध-I

राज्य सभा के दिनांक 11.12.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2677 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा के अनुसार बेरोजगारी दर का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा।

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | बेरोजगारी दर (%) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | व्यक्ति |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 4.8 | 3.9 | 4.5 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 4.9 | 11.5 | 5.8 |
| 3. | असम | 7.1 | 13.6 | 7.9 |
| 4. | बिहार | 7.2 | 2.8 | 7.0 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 3.3 | 3.3 | 3.3 |
| 6. | दिल्ली | 9.2 | 10.7 | 9.4 |
| 7. | गोवा | 8.1 | 26.0 | 13.9 |
| 8. | गुजरात | 5.0 | 4.1 | 4.8 |
| 9. | हरियाणा | 8.0 | 10.6 | 8.4 |
| 10. | हिमाचल प्रदेश | 6.3 | 4.3 | 5.5 |
| 11. | जम्मू और कश्मीर | 4.2 | 8.5 | 5.4 |
| 12. | झारखंड | 7.9 | 5.2 | 7.5 |
| 13. | कर्नाटक | 4.9 | 4.7 | 4.8 |
| 14. | केरल | 6.2 | 23.2 | 11.4 |
| 15. | मध्य प्रदेश | 5.1 | 2.1 | 4.3 |
| 16. | महाराष्ट्र | 4.6 | 5.4 | 4.8 |
| 17. | मणिपुर | 10.2 | 15.7 | 11.5 |
| 18. | मेघालय | 1.3 | 1.9 | 1.6 |
| 19. | मिजोरम | 8.8 | 13.3 | 10.1 |
| 20. | नागालैंड | 18.3 | 34.3 | 21.4 |
| 21. | ओडिशा | 7.3 | 6.3 | 7.1 |
| 22. | पंजाब | 6.9 | 11.7 | 7.7 |
| 23. | राजस्थान | 5.9 | 2.3 | 5.0 |
| 24. | सिक्किम | 2.6 | 5.2 | 3.5 |
| 25. | तमिलनाडु | 7.6 | 7.1 | 7.5 |
| 26. | तेलंगाना | 7.7 | 7.2 | 7.6 |
| 27. | त्रिपुरा | 6.1 | 11.6 | 6.8 |
| 28. | उत्तराखंड | 6.8 | 10.7 | 7.6 |
| 29. | उत्तर प्रदेश | 6.8 | 3.1 | 6.2 |
| 30. | पश्चिम बंगाल | 5.0 | 3.1 | 4.6 |
| 31. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 5.3 | 42.8 | 15.8 |
| 32. | चंडीगढ़ | 5.2 | 20.8 | 9.0 |
| 33. | दादर और नगर हवेली | 0.6 | 0.0 | 0.4 |
| 34. | दमन और दीव | 3.0 | 3.3 | 3.1 |
| 35. | लक्षद्वीप | 12.5 | 50.5 | 21.3 |
| 36. | पुडुचेरी | 7.2 | 21.7 | 10.3 |
| | **अखिल भारत** | 6.1 | 5.6 | 6.0 |

स्रोत: 1. वार्षिक रिपोर्ट, पीएलएफएस, 2017-18, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;